# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,अजमेर

## स्पोर्ट्स बोर्ड

**Dr.Digvijay Singh Chauhan**
*Ph.D., MBA,M.Phil. M.A(Hist.),* APGDM,
P.G.D.M.B.Sc.
**Secretary, Sports Board**

(M) 9414556177
(O) 0145-2787689

क्रमांक : एफ.07( )/खे.बो./मदसविवि/2023/ दिनांक :

**खेल संपादक**
राजस्थान पत्रिका
दैनिक नवज्योति
दैनिक भास्कर
पंजाब केसरी
राष्ट्रदूत
अजमेर।

महोदय,

महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर स्पोर्ट्स बोर्ड का सत्र 2023-24 का खेल कलेण्डर तैयार कर जारी किया जा चुका है। विश्वविद्यालय का खेल कलेण्डर का आरम्भ दिनांक 10 अक्टुम्बर,2023 से प्रारम्भ होगा। विश्वविद्यालय के 300 से ज्यादा सम्बद्ध महाविद्यालयों में 28 प्रतियोगिताओं में पुरूष एवं महिला वर्ग में अलग-अलग अन्तर महाविद्यालयी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा जिसमें विश्वविद्यालय टीम का चयन हो सकेगा। इस खेल कलेण्डर में पुरूष/महिला वर्ग में 26 खेल व केवल महिला वर्ग में 7 खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होना निर्धारित है।

आपके समाचार पत्र के सभी संभाग यथा अजमेर, नागौर, भीलवाडा, टोंक संस्मरण के खेल पृष्ठ पर (निशुल्क) प्रकाशनार्थ प्रेषित है। खेल विभाग से संबंधित सभी सूचनाएं विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाईट पर उपलब्ध है।

संलग्नः- खेल कलेण्डर सत्र 2023-24

सचिव 04/10/23
स्पोर्ट्स बोर्ड

# MAHARSHI DAYANAND SARASWATI UNIVERSITY, AJMER

## SPORTS CALENDAR (2023- 24) (WOMEN TOURNAMENT)

**Website: www.mdsu.ac.in** **E-mail:sportsmdsuajmer@gmail.com** **Phone: 0145-2787689**

| INTER COLLEGIATE TOURNAMENT | | | | WEST ZONE/ SOUTH WEST ZONE | | ALL INDIA/INTER ZONAL | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Games / Sports | Venue | Tournament Date | Venue | Tournament Date | Venue | Tournament Date |
| 1. | BASKETBALL (W) | Sophia Girls College, Ajmer | 17-19 Oct, 2023 | MGSU, Bikaner | | | |
| 2. | HOCKEY (W) | N.D.V.P.T.T. College, Bhilwara | 25-27 Oct. 2023 | ITM University, Gwalior | | | |
| 3. | KABADDI (W) | Lord Tirupati College, Kekri | 13-14 Oct. 2023 | Maharaja Chhatrasal Bundelkhand Univ. (MP) | | | |
| 4. | KHO-KHO (W) | Sophia Girls College, Ajmer | 17-19 Oct, 2023 | | | | |
| 5. | VOLLEYBALL (W) | N.D.V.P.T.T. College, Bhilwara | 25-27 Oct. 2023 | Maharaja Chhatrasal Bundelkhand Univ. (MP) | | | |
| 6. | CRICKET (W) | S.P.C. Govt. College, Ajmer | 26-30 Oct. 2023 | Padamshree Dr D Y Patil Univ., Mumbai | | | |
| 7. | HANDBALL (W) | N.D.V.P.T.T. College, Bhilwara | 25-27 Oct. 2023 | M.L. Sukhadia University, Udaipur | | | |

27/09/23

**SECRETARY (SPORTS BOARD)**

# MAHARSHI DAYANAND SARASWATI UNIVERSITY, AJMER

## SPORTS CALENDAR (2023- 24) (MEN/WOMEN TOURNAMENT)

Website: www.mdsu.ac.in E-mail:sportsmdsuajmer@gmail.com Phone: 0145-2787689

| INTER COLLEGIATE TOURNAMENT | | | | WEST ZONE | | ALL INDIA/ INTER ZONAL | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Games / Sports | Venue | Tournament Date | Venue | Tournament Date | Venue | Proposed Date(s) of competition |
| 1. | ATHLETICS (M&W) | Dayanand College, Ajmer (M)<br>N.D.V.P.T.T. College, Bhilwara (W) | 17 Nov., 2023<br>17 Nov., 2023 | | | | |
| 2. | BADMINTON (M&W) | Sophia Girls College, Ajmer | 26 Oct., 2023 | Devi Ahilya Univ., Indore (M)<br>Shri Vaishnav Vidyapeeth, Indore (W) | | | |
| 3. | BASKETBALL (M) | Kuchaman College, Kuchaman City | 20 Oct., 2023 | University of Rajasthan, Jaipur | | | |
| 4. | BOXING (M&W) | Dayanand College, Ajmer | 23 Oct., 2023 | | | | |
| 5. | CHESS (M&W) | S.P.C. Govt. College, Ajmer | 10 Oct., 2023 | HNSC, Mumbai (W) | | | |
| 6. | CRICKET (M) | Dayanand College, Ajmer | 17 Oct., 2023 | J.J.T.U.(Raj.) | | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7. | CROSS-COUNTRY (M&W) | Govt. College, Puskar | 29 Nov., 2023 | | | | |
| 8. | FOOTBALL (M) | S.P.S.B. College, Shahpura | 26 Oct., 2023 | | | | |
| 9. | GYMNASTICS (M&W) | Marwar College, Kuchaman | 22 Nov., 2023 | | | | |
| 10 | HANDBALL (M) | Sanjeevani College, Bijaynagar | 2 Nov., 2023 | Dr. Harisigh Gaur University, Sagar | | | |
| 11. | HOCKEY (M) | Dayananad College, Ajmer | 17 Nov., 2023 | | | | |
| 12. | KABADDI (M) | Dayanand College, Ajmer | 20 Nov., 2023 | Devi Ahilya Univ., Indore | | | |
| 13. | KHO-KHO (M) | Dayanand College, Ajmer | 24 Nov., 2023 | | | | |
| 14. | LAWN TENNIS (M&W) | S.R.K. Patni Girls College, Kishangarh | 23 Nov., 2023 | ITM, Gwalior (M) | | | |
| 15. | SOFTBALL (M) | Dayanand College, Ajmer | 19 Dec., 2023 | | | | |
| 16. | SOFTBALL (W) | Govt. College, Pushkar | 21 Dec., 2023 | | | | |
| 17. | TABLE TENNIS (M&W) | Sophia Girls College, Ajmer | 26 Oct., 2023 | Banasthali Vidyapeeth, Niwai(W) | | | |
| 18. | VOLLEYBALL(M) | Sanjeevani College, Bijaynagar | 26 Oct., 2023 | | | | |
| 19. | WRESTLING FREE STYLE & GRECO ROMAN (M) & FREE STYLE (W) | Dayanand College, Ajmer | 6 Dec., 2023 | | | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20. | WT. LIFTING | Sanjeevani College, Bijaynagar | 21 Dec., 2023 | | | | |
| 21. | BEST PHYSIQUE (M) | Sanjeevani College, Bijaynagar | 21 Dec., 2023 | | | | |
| 22. | POWER LIFTING (M) | Sanjeevani College, Bijaynagar | 21 Dec., 2023 | | | | |
| 23. | YOGA (M&W) | MDSU, Campus | 6 Dec., 2023 | Anna Univ.Chennai | | | |
| 24. | ARCHERY (M&W) (INDIAN ROUND ONLY) | Dayanand College, Ajmer | 14 Oct., 2023 | | | | |
| 25. | SHOOTING (M&W) (AIR RIFLE & PISTOL 10 MTR) | Central Academy T.T. College, Ajmer | 19 Dec.,2023 | | | | |
| 26. | TAEKWONDO (M&W) | Dayanand College, Ajmer | 3 Jan., 2024 | | | | |

SECRETARY
(SPORTS BOARD

# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय,अजमेर

**अन्तर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाने के लिए आयोजन सचिव / महाविद्यालय / विश्वविद्यालय अध्यक्ष प्रतिनिधि / पर्यवेक्षक को आवश्यक निर्देश**

1. जिस महाविद्यालय मे शारीरिक शिक्षक उपलब्ध हो वहां अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता हेतु शारीरिक शिक्षक को ही आयोजन सचिव बनाया जाना अनिवार्य है।
2. महाविद्यालय द्वारा स्पोर्ट्स बोर्ड से सम्बद्वता हेतु रूपये 6000/- छात्रों हेतु एवं रूपये 6000/- छात्राओं हेतु पृथक-पृथक रूप से जमा कराना है। स्पोर्ट्स बोर्ड म0 द0 स0 विश्वविद्यालय, अजमेर से सम्बद्वता प्राप्त महाविद्यालय की टीम ही अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेगी।
3. महाविद्यालयों को जिन खेलों में भाग लेना है उनकी प्रविष्टी रजिस्टर्ड पत्र द्वारा संबंधित आयोजन सचिव एवं एक प्रति सचिव, स्पोर्टस बोर्ड, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर के पास निर्धारित तिथि से पूर्व पहुंच जानी चाहिए। प्रतिलिपि पर स्पोर्ट्स बोर्ड, म0 द0 स0 विश्वविद्यालय से सम्बद्वता हेतु शुल्क एवं खेल विकास शुल्क के ड्राफ्ट न. एवं दिनांक अंकित करें।
4. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाडी **10वीं, 12वीं एवं कॉलेज की सभी कक्षाओं की मूल अंकतालिकाओं (नेट से डाउनलॉड मान्य नही) मय एक-एक फोटो प्रति के तथा पासपोर्ट साईज की चार फोटो कॉलेज में प्रवेश की रसीद, आधार कार्ड एवं महाविद्यालय द्वारा जारी परिचय पत्र निश्चित रूप से अवश्य साथ लावे** अन्यथा प्रतियोगिता में भाग नहीं लेने दिया जावेगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन एवं संबंधित खिलाडी की होगी। पूरक परीक्षा आने वाले विद्यार्थी प्रतिभागी नही होगें।
5. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता मे खिलाड़ियो को विविध खेलो मे भाग लेने के लिए योग्यता प्रमाण-पत्र (क्रमांक 4 पर अंकित) पृथक-पृथक रूप से प्रस्तुत करने होंगे।
6. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता के अध्यक्ष विजेता एवं उपविजेता के प्रमाण पत्रों पर खिलाडी का छाया चित्र चिपकवाकर अपने हस्ताक्षर मय मोहर के वितरित करें। प्रमाण पत्र का लेखा जोखा मय नाम एवं क्रमांक के अधोहस्ताक्षरकर्ता को रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करें।
7. आयोजक महाविद्यालय प्रतियोगिता की समाप्ति के तीन माह के अन्दर समस्त अभिलेख प्रमाणित कर योग्यता प्रोफोर्मा, प्रमाण पत्रों का लेखा जोखा, परिचय पत्र की छायाप्रति तथा व्यय का ऑडिटेड स्टेटमेन्ट एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र की दो प्रतियां निर्धारित प्रपत्र मे (आयोजन सचिव रिपोर्ट के साथ) अधोहस्ताक्षरकर्ता को भेजें तत्पश्चात ही अंशदान राशि भिजवाई जायेगी। तीन माह मे उक्त प्रपत्र नहीं भेजे जाने पर विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
8. सभी खेलों के ड्रा आयोजन सचिव द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों के सम्मुख निकाले जायेंगे। प्रविष्टि भेजकर भाग नही लेने एवं ड्रा से पूर्व सूचना ना देने वाले महाविद्यालयों को खेलकूद निर्देशिकाओं के अनुसार दण्डित किया जायेगा। आयोजन सचिव ऐसे महाविद्यालयों की सूची अधोहस्ताक्षरकर्ता को रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत करेंगे। सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि जिन खेलों में भाग लेना है उसी में अपनी प्रविष्टि भेजें।
9. क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता का ड्रा प्रविष्टि की अन्तिम तिथि के तीन दिन के बाद, खेल कूद / प्रतिनिधि के समक्ष डाला जावे। क्वार्टर फाईनल, सेमीफाईनल, फाईनल एवं चयन स्पर्धा भी इन्हीं के सम्मुख होगी। अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का जिस महाविद्यालय को आवंटन किया जायेगा उसे यह प्रतियोगिता आयोजित कराना अनिवार्य होगा।
10. छात्रों के लिए इस सत्र मे हेमर थ्रो, ट्रिपल जम्प,हेप्टथलन, 100/400 मीटर बाधा दौड 10000 मीटर दोड तथा 5000 मीटर दोड तथा 5 किलोमीटर वॅाक एवं पुरूषों के लिए 10 किलोमीटर पुरूष / महिला हाफ मैराथन की होगी तथा आयोजक महाविद्यालय भाग लेने वाले महाविद्यालयों को डिटेल प्रविष्टि हेतु दिनांक निश्चित कर सूचित करें।
11. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में अध्यक्ष प्रतिनिधि / पर्यवेक्षक ही कोप्टेड मेम्बर की नियुक्ति कर सचिव खेल बोर्ड / आयोजन सचिव को सूचित करें।
12. आयोजक महाविद्यालय को निर्देशित किया जाता है कि जिन खेलो मे छात्रो एवं छात्राओं की प्रतियोगिताएं एक साथ आयोजित होगी उनके रहने व खाने की व्यवस्था समुचित रूप से पृथक पृथक करें।
13. प्रत्येक खेल की प्रविष्टि पृथक - पृथक रूप से निर्धारित तिथि अनुसार भेजे। सभी खेलों की प्रविष्टी एक साथ एक पत्र मे ना भेजे अन्यथा मान्य नही होगी। एथलेटिक,क्रॉस कन्ट्री व क्रिकेट खेलों की प्रविष्टि आयोजन तिथि से एक माह पूर्व तथा अन्य खेलों की प्रविष्टि 10 दिवस पूर्व आयोजक महाविद्यालय व सचिव स्पोर्ट्स बोर्ड, मदस विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।

14. आयोजन सचिव विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रतियोगिता प्रारम्भ होने से पूर्व खिलाडियों के परिचय पत्र,योग्यता प्रोफोर्मा की जांच उपरान्त ही हस्ताक्षर करें। सेमीफाईनल में पहुंची टीमों के सभी मूल दस्तावेज, (अंकतालिकाओं) इत्यादि की जांच कर पुष्टि कर लें। सेमीफाईनल की टीमों का ग्रुप फोटो तथा मूल दस्तावेजों की जांच आवश्यक है। **ड्रॉ के समय विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक व अध्यक्ष प्रतिनिधि आवश्यक रूपसे उपस्थित रहेगे। ड्रॉ प्रतियोगिता की पूर्व संध्या को मैनेजर मिटिंग में डाला जायेगा। उसमे सभी मैनेजर का उपस्थित रहना आवश्यक है।**

15. यदि पुरूष प्रतियोगिता मे चार व महिला प्रतियोगिता मे तीन दलो से कम संख्या हो तो केवल चयन स्पर्धा को ही आयोजित करावे तथा किसी तरह का प्रमाण पत्र नही दिया जावे।

16. दल के साथ शारीरिक शिक्षक अथवा व्याख्याता होने पर ही दल को प्रतियोगिता में भाग लेने देवें।

17. गत वर्षो के विजेता महाविद्यालय चल वैजयन्ती को पॉलिश करवाकर सही स्थिति में संबंधित आयोजक महाविद्यालय को प्रतियोगिता से पूर्व भिजवाकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचना देवें। इस वर्ष की वैजयन्ती की प्राप्ति की रसीद की एक प्रति विजेता महाविद्यालय से लेकर आयोजन सचिव की रिपोर्ट के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता को भिजवावें, शील्ड नही भेजने पर प्रतियोगिता मे भाग नही लेने दिया जावेगा।

18. अन्तर महाविद्यालय पुरूष एव महिला क्रॉस कन्ट्री प्रतियोगिता में केवल प्रथम तीन व्यक्तिगत स्थान प्राप्त करने वाले को ही प्रमाण–पत्र देवें।

19. ऐथेलेटिक्स, भारोत्तोलन, पावर लिफ्टिंग मे इस विश्वविद्यालय द्वारा ए.आई.यू. के सिक्स स्टेन्ड्रर्ड के अनुसार ही अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता की बेस्ट परफोरमेन्स को योग्यता का मापदण्ड मानकर खिलाडियों का अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता हेतु चयन किया जावे। उपरोक्तानुसार सही नहीं पाये जाने पर चयन निरस्त समझा जावेगा एव ऐसे खिलाडियों को किसी भी तरह का भत्ता देय नहीं होगा।

20. अन्तर महाविद्यालय किकेट प्रतियोगिता पुरूष/महिला के मैच 50–50 ओवर के होंगे।

21. **व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं के लिये निर्णायक शुल्क रूपये 800 एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए रूपये 1000/– किकेट पुरूष/महिला प्रतियोगिता के लिए प्रति मैच रूपये 1000/– तथा अन्य समस्त प्रतियोगिताओं के लिए प्रति मैच रूपये 600/– होंगे तथा किसी भी आयोजक महाविद्यालय द्वारा उक्त वर्णित राशि से अधिक राशि वसूलने की जानकारी प्राप्त होती है तो उस आयोजक महाविद्यालय को एक वर्ष के लिये डिबार कर दिया जायेगा।** निर्णायक शुल्क का उपयोग पूर्णतया एवं निर्णयन हेतु किया जायेगा। निर्णायक शुल्क निर्णायको के बीच प्रतियोगिता के बाद अध्यक्ष/आयोजन सचिव द्वारा वितरित किया जावेगा। इसका हिसाब महाविद्यालय प्राचार्य को सूपुर्द करना होगा।

22. मुख्य परीक्षा में जिन छात्रों का परिणाम वैकल्पिक विषय में पूरक घोषित हुआ है, वे छात्र–छात्रा अन्तर महाविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता मे भाग नही ले सकेंगे। पूरक का परिणाम पास होने पर भी केवल 'नियमित विद्यार्थी' होने पर भाग ले सकेगा।

23. पर्यवेक्षक/अध्यक्ष प्रतिनिधि/आयोजन सचिव को चयन सूची निर्धारित प्रपत्र में ही सचिव को भेजा जाना आवश्यक है। चयन सूची के प्रपत्र (परिशिष्ट 3) मे निर्धारित संख्या एवं भाषा मे किसी प्रकार का परिवर्तन अमान्य होगा। आयोजक महाविद्यालय चयनित खिलाडियों की सूची मैरिट के आधार पर ही प्रेषित करेगें तथा रिजर्व सूची भी अलग से बनाकर प्रेषित करेगें।

24. विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड के अन्तर्गत अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता इस वर्ष मे जिन स्पर्धाओं का आयोजन होगा उनके आधार पर जनरल चैम्पियनशिप निर्धारित होगी।

25. अनुशासनहीन खिलाडियों का महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश निरस्त किया जा सकता है और साथ ही मुख्य परीक्षा से वंचित किया जा सकता है।

26. कोच, मैनेजर,स्पोर्ट्स बोर्ड प्रतिनिधि, पर्यवेक्षक, आयोजन सचिव,प्राचार्य आदि को स्पोर्ट्स बोर्ड के अध्यक्ष, सचिव एवं अनुभागाधिकारी द्वारा टेलिफोनिक मैसेज एवं अन्य संचार माध्यमों से दी गई सूचना को अधिकारिक सूचना माना जावे।

27. खेल प्रमाण पत्र दिये जाने हेतु खिलाडी का नियमित छात्र होना तथा उसको परीक्षा में प्रविष्ट होना अत्यन्त अनिवार्य है ऐसा न होने पर भविष्य मे भी खिलाडियों के खेलने पर भी प्रमाण पत्र नही दिया जावेगा।

28. अन्तर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय क्रॉस कन्ट्री दौड प्रतियोगिता ए.आई.यू.के नियमानुसार ही आयोजित की जावेगी। अतः पुरूषों में 6 धावक व महिलाओं में 6 धावक भाग लेगें।
29. भाग लेने वाली सभी टीम निर्धारित किट में मय निर्धारित रंग के अपने झण्डे के साथ उपस्थित हों।
**30. सभी प्रतियोगिताओं के लिये अनिवार्य है कि वे 1 जुलाई 2023 को 17 वर्ष से कम व 25 वर्ष से ज्यादा ना हो।**
**31. आयोजक महाविद्यालय प्रत्येक मैच की 10 मिनिट की विडियो क्लीपिंग अनिवार्य रूपसे सचिव,स्पोर्ट्स बोर्ड को भेजेगें।**
**32. विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि का दायित्व है कि वे प्रतियोगिता समाप्ति के बाद चयनित खिलाडियो की सूची आवश्यक रूपसे सचिव,स्पोर्ट्स बोर्ड को सौंपेगें।**
33. सभी खेल संघो (Federation) के नियमानुसार खिलाडियो की संख्या होगी।
34. अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता हेतु आयोजक महाविद्यालय खिलाडी छात्रों की Eligibility (पात्रता) पूर्णरूप से सुनिश्चित करेगा। यदि किसी छात्र/छात्रा को परिणाम नहीं आने की स्थिति में Provisionally खिलाया जाता है और परिणाम बाद में आने पर छात्र फैल हो जाता है तो उसकी Provisional पात्रता रद्द कर दी जायेगी तथा किसी भी स्थिति में प्रमाण पत्र नही दिया जायेगा।
35. ए.आई.यू. से प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुरूप समस्त महाविद्यालय, स्पोर्ट्स बोर्ड व आयोजक महाविद्यालय से सम्पर्क बनाऐ रखे। तिथियों में परिवर्तन संभावित है, अतः प्रतिस्पर्धी महाविद्यालय स्पोर्ट्स बोर्ड व आयोजक महाविद्यालय से सम्पर्क कायम रखे।
36. **सभी प्रतिभागी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय सम्बद्वता शुल्क जमा कराना आवश्यक है। इसकी रसीद प्राप्त होने के पश्चात ही आयोजक महाविद्यालय इन्हे प्रतियोगिता में शामिल करें।**
37. आयोजक महाविद्यालय द्वारा सभी प्रतिभागी खिलाडियों के रहने की समुचित व्यवस्था करनी होगी। जिसमें बिस्तर, पानी इत्यादि की व्यवस्था आवश्यक है।
38. शुटिंग (म०/पु०) प्रतियोगिता में एयर पिस्टल व राईफल 10 मीटर एवं आर्चरी(म०/पु०) सिर्फ इण्डियन राऊण्ड खिलाया जायेगा।
39. सत्र 2023–24 की समस्त अन्तर महाविद्यालयी प्रतियोगिताए ए.आई.यू.के नवीनीकृत निर्देशानुसार होगी।

सचिव,स्पोर्ट्स बोर्ड
27/09/23